तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 2 सितंबर 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

09 उद्घाटन से पहले ही वेयरहाउस की बाउंड्रीवॉल ...



10 बेमेतरा में बिजली व्यवस्था को मजबूती...

खबर संक्षेप

पांच दिनों से नहीं आ रहा पानी, सीएम हेल्पलाइन में शिकायत भी बेअसर

नवागढ़। नवागढ़ ब्लॉक के ग्राम बेलटुकरी में पिछले पांच दिनों से नल-जल योजना के तहत पानी की आपूर्ति बंद है। खारा पानी प्रभावित गांव होने के कारण यहां ग्रामीणों की पेयजल जरूरत मुख्य रूप से नल-जल आपूर्ति पर निर्भर है। ऐसे में लगातार पांच दिनों से पानी नहीं आने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन शिकायत के निराकरण की स्थिति कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। ग्रामीणों के अनुसार हेल्पलाइन पर शिकायत का जवाब निराकरण किए जाने का दर्ज हो गया, जबकि गांव में अब भी नलों से पानी नहीं आ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कागजों में समस्या का निराकरण हो गया, लेकिन हकीकत में नल अब भी सूखे हैं। पांच दिनों से पानी के लिए ग्रामीणों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। उन्होंने संबंधित विभाग से जल्द से जल्द जलापूर्ति बहाल करने तथा सीएम हेल्पलाइन की शिकायत के वास्तविक निराकरण की मांग की है।

60 हजार का गांजा समेत युवक गिरफ्तार

भिलाई। गांजा की तस्करी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि शंकर नगर पानी टंकी के पास अवैध रूप से गांजा बेचने की सूचना पुलिस को मिली थी। टीम मौके पर पहुंची दबिश दिया जहां से वार्ड 58, ब्लॉक 43, बांबे आवास उरला निवासी मोनू विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर उसके पास से 1 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद किया गया। जिसकी कीमत 60 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपी के पास से नगदी रकम 700 रुपये जब्त किया है। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि मादक पदार्थों की बिक्री करने वाले, परिवहन,सेवन से जुड़े किसी भी गतिविधि की जानकारी होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दे।

लगातार बढ़ रहा स्वाइन फ्लू का खतरा, 13 पॉजीटिव, 9 एक्टिव

भिलाई। दुर्ग जिले में स्वाइन फ्लू यानी एच-1 एन-1 के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी और बचाव की कार्रवाई तेज कर दी है।
सीएमएचओ कार्यालय दुर्ग के अनुसार 5 अगस्त से 29 अगस्त तक स्वाइन फ्लू के कुल 13 पॉजिटिव प्रकरण मिले हैं। इनमें से वर्तमान में 9 मरीज एक्टिव हैं और उनका जिले के अलग-अलग अस्पतालों में उपचार चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार सभी मरीजों की स्थिति फिलहाल सामान्य है। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि पॉजिटिव प्रकरण सामने आने के बाद मरीजों के संपर्क में आए लोगों की कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग की जा रही है। साथ ही नियमित रूप से मरीजों की स्थिति की मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि संक्रमण के प्रसार को समय रहते नियंत्रित किया जा सके। जारी जानकारी के अनुसार दुर्ग जिले में 5 अगस्त से 29 अगस्त के बीच स्वाइन फ्लू के 13 पॉजिटिव मामले सामने आए। इनमें से 9 मरीज वर्तमान में एक्टिव हैं। मरीजों का विभिन्न अस्पतालों में चिकित्सकीय उपचार चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बताया गया है कि सभी मरीजों की स्थिति सामान्य बनी हुई है। जिले में नए पॉजिटिव प्रकरण मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीमें संपर्क में आए लोगों की जानकारी जुटाकर आवश्यक निगरानी कर रही हैं। विभाग की ओर से नियमित सीजनल मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

संबलपुर का मुक्तिधाम 'राम भरोसे', बारिश में त्रिपाल के नीचे अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

गांव में विकास के दावे भले ही खूब किए जाते हों, लेकिन ग्राम पंचायत संबलपुर का मुक्तिधाम इन दावों की पोल खोलने के लिए काफी है। यहां बारिश के दिनों में अंतिम संस्कार करना भी ग्रामीणों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। क्षतिग्रस्त शेड के कारण तेज बारिश में शव को त्रिपाल के नीचे रखकर अंतिम संस्कार करने की मजबूरी है।मुक्तिधाम परिसर की स्थिति भी बदहाल है। चारों ओर घास और झाड़ियां उग आई हैं। हालात ऐसे हैं कि अंतिम संस्कार के लिए पहुंचने वाले लोगों को साफ-सफाई के अभाव में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बारिश के दिनों में परिसर में कीचड़ और फिसलन बढ़ जाती है।

त्रिपाल ही बना 'बारिश रोधी शेड': मुक्तिधाम में पर्याप्त और सुरक्षित शेड नहीं होने से बारिश के दौरान ग्रामीण त्रिपाल लगाकर अंतिम संस्कार करने को मजबूर हैं। विडंबना यह है कि जिस स्थान पर लोगों को अपने परिजन को अंतिम विदाई देने के लिए सम्मानजनक वातावरण मिलना चाहिए, वहीं मूलभूत सुविधाओं का अभाव नजर आ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि मुक्तिधाम का निर्माण तो कर दिया गया, लेकिन इसके रखरखाव और जरूरी सुविधाओं की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में मुक्तिधाम सुविधा कम और शोपीस ज्यादा नजर आ रहा है।

न शेड दुरुस्त, न पक्की सड़क, झाड़ियों के बीच अंतिम यात्रा

अंतिम यात्रा का रास्ता भी मुश्किल

मुक्तिधाम तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क तक नहीं है। बारिश होते ही रास्ता कीचड़ में बदल जाता है। ऐसे में शवयात्रा लेकर पहुंचना ग्रामीणों के लिए बेहद मुश्किल हो जाता है। फिसलन भरे रास्ते में शव को संभालकर ले जाने में लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

'मुक्तिधाम को शोपीस बनाकर छोड़ दिया'

कांग्रेस नेता रोशन धर दीवान ने पंचायत और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि मुक्तिधाम जैसी संवेदनशील जगह की यह स्थिति बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। बारिश में ग्रामीणों को त्रिपाल लगाकर अंतिम संस्कार करना पड़ रहा है, जबकि परिसर में साफ-सफाई और पहुंच मार्ग तक की समुचित व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार और पंचायत को दिखावे के बजाए जमीनी स्तर पर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर ध्यान देना चाहिए। ग्रामीणों ने प्रशासन और पंचायत से तत्काल पहल करते हुए नए शेड का निर्माण, क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत, परिसर की साफ-सफाई तथा मुक्तिधाम तक पक्की सड़क निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि कम से कम अंतिम विदाई के समय तो लोगों को बदहाली और अव्यवस्था से दो-चार न होना पड़े।

सौगात : ग्राम मोहभट्ठा में 64.84 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात

विधायक दीपेश साहू ने विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जनपद पंचायत बेरला अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहभट्ठा में मंगलवार को 64.84 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने विभिन्न निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।

सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट और शिक्षा से जुड़े कार्य शामिल: मुख्यमंत्री समग्र योजना के तहत गांधी गौठान चौक में 3 लाख रुपये की लागत से सांस्कृतिक मंच निर्माण का भूमिपूजन किया गया। 4 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन हुआ। इसके तहत शिवकुमार के घर से हरवंश साहू के घर तक सीसी रोड तथा गणेश मानिकपुरी के घर से तोरण साहू के घर तक नाली निर्माण किया जाएगा।गांव में विभिन्न स्थानों को जोड़ने के लिए 15.77 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य स्वीकृत है। इसमें मुख्य मार्ग से घासीदास मंदिर, अवध के कोठार से दर्री तालाब तथा घासीदास मंदिर से संतराम साहू के घर तक सीसी रोड निर्माण शामिल है। बेहतर प्रकाश व्यवस्था के लिए 6 लाख रुपये की लागत से स्ट्रीट लाइट स्थापना कार्य का लोकार्पण किया गया। बच्चों को बेहतर शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 11.69 लाख रुपये की लागत से निर्मित आंगनबाड़ी भवन तथा शिक्षा व्यवस्था को तकनीकी रूप से सुदृढ़ करने के लिए 5 लाख रुपये की लागत से स्मार्ट बोर्ड स्थापना कार्य का भी लोकार्पण किया गया। इसके अलावा 19.43 लाख रुपये की लागत से विभिन्न सीसी रोड निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इनमें नारद साहू के घर से दानी साहू के घर तक, बिसाहू साहू के कोठार से मोहन साहू के घर तक, संत कुमार पाल के घर से बिसाहू के कोठार तक तथा ईश्वर साहू के घर से हनुमान मंदिर तक ▶▶| शेष पेज 08 पर

जस झांकी ने बांधा समां

कार्यक्रम में श्री दाई के दुलरवा नवरत्न जस झांकी परिवार पटपर द्वारा मनमोहक जस झांकी की प्रस्तुति दी गई। डोंगरगढ़ क्षेत्र के पटपर गांव से जुड़े लोक कला मंच के कलाकारों ने भक्ति संगीत, पारंपरिक लोककला और धार्मिक-सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा और संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। प्रस्तुति को उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक सराहा। कार्यक्रम के दौरान विधायक दीपेश साहू ने भक्त माता कर्मा मंदिर एवं मां शीतला मंदिर में दर्शन-पूजन कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना तिवारी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष खुशबू गोविंद पटेल, जिला पंचायत सभापति प्रीतम सिंह चंदेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष सेवाराम साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल, जनपद सदस्य भीषम साहू, जनपद सदस्य नीरज सिंह राजपूत, सरपंच संघ अध्यक्ष रघुवीर (पिन्टू) सिन्हा, ग्राम पंचायत सरपंच केवरा साहू, उपसरपंच सुक्रित मार्कण्डेय, सचिव रतन लाल निषाद सहित पंचायत प्रतिनिधि, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

बेरला पुलिस की गौवंश तस्करी पर कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

थाना बेरला पुलिस ने गौवंश तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो गौवंश और परिवहन में प्रयुक्त टाटा छोटा हाथी वाहन समेत कुल 3 लाख 80 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है। पुलिस के अनुसार, सोमवार को ग्राम सिलघट के स्कूल के पास एक सफेद रंग के टाटा छोटा हाथी वाहन क्रमांक सीजी 07 डीडी 7864 को रोककर जांच की गई। वाहन के डाले में त्रिपाल बंधा हुआ था। अंदर जांच करने पर एक भैंसा और एक भैंस को बिना दाना-पानी के ठूंसकर रखा गया था। दोनों पशुओं के गले रस्सी से बांधे गए थे।

पूछताछ में वाहन चालक ने अपना नाम हेमंत कुमार वर्मा, निवासी पेड्रावन, थाना धमधा, जिला दुर्ग तथा हेल्पर सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम जय कुमार धीवर, निवासी भिलौरी, थाना धमधा, जिला दुर्ग बताया। दोनों ने पशुओं को धीवनपुरी, सिमगा से भिलौरी, धमधा ले जाने की जानकारी दी। रिपोर्ट पर थाना बेरला में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 तथा पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(घ) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव और एसडीओपी बेरला रूचि वर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बेरला उप निरीक्षक राजकुमार साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की।

विवेचना के दौरान दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें पुलिस के अनुसार उन्होंने अपराध स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो गौवंश कीमती करीब 80 हजार रुपये और टाटा छोटा हाथी वाहन कीमती ▶▶| शेष पेज 08 पर

देवकर तहसील कार्यालय में चोरी, कुछ नहीं मिला तो आलमारी में रखे दो किलो शक्कर ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर

स्थानीय तहसील कार्यालय में सोमवार रात अज्ञात चोरों ने दीवार फांदकर प्रवेश किया और कार्यालय के केबल नेटवर्क के तार काट दिए। इसके बाद अलमारी के ताले तोड़कर सामान खंगाला गया। कार्यालय में नकदी या कोई कीमती सामान नहीं मिलने पर चोर दैनिक उपयोग के लिए रखी करीब दो किलो शक्कर लेकर फरार हो गए।

चोरी की घटना में कार्यालय के केबल तारों को काटे जाने से सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद देवकर पुलिस चौकी ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा चोरों की पहचान और घटना के संबंध में अन्य तथ्यों की जांच की जा रही है। बताया गया है कि तहसील कार्यालय वर्तमान में नगर के पुराने टाउन हॉल भवन में अस्थायी रूप से संचालित हो रहा है। यह स्थान हाईस्कूल और स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के समीप स्थित है। स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र में असामाजिक तत्वों की आवाजाही बनी रहती है,

जिससे सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बनी हुई है। देवकर क्षेत्र में पूर्व में हुई चोरी की घटनाओं के बीच तहसील कार्यालय में चोरी की घटना से स्थानीय लोगों में सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

पुलिस चौकी देवकर द्वारा मामले की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद घटना से जुड़े तथ्यों और आरोपियों के संबंध में स्थिति स्पष्ट होगी।

यातायात नियमों के उल्लंघन पर 22 वाहन चालकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के पालन और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस का विशेष अभियान जारी है। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव के मार्गदर्शन में सोमवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों एवं यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 22 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

इन प्रकरणों में कुल 12,200 रुपये समन शुल्क वसूला गया। यातायात पुलिस के अनुसार यातायात बेमेतरा में 16 चालान में 16 वाहन चालकों, थाना बेमेतरा में चार चालान में चार वाहन चालकों और थाना नांदघाट में दो चालान में दो वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इनमें तीन सवारी के दो, बिना हेलमेट का एक, घातक स्थिति में वाहन खड़ा करने के छह, मौके पर दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने के तीन और मालवाहक वाहन में सवारी बैठाने का एक प्रकरण शामिल है। इसके अलावा अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर भी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान नो-एंट्री, तेज गति, बिना लाइसेंस, बिना बीमा, बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, परमिट शर्तों का उल्लंघन, मॉडिफाइड साइलेंसर और शराब के नशे में वाहन चलाने जैसे मामलों पर निगरानी रखी जा रही है। कार्रवाई में यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो, सहायक उपनिरीक्षक जहीर खान सहित यातायात पुलिस टीम शामिल रही। यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो, सहायक उपनिरीक्षक जहीर खान, प्रधान आरक्षक लोकेन्द्र पांडेय, आरक्षक पारसमणी साहू और ▶▶| शेष पेज 08 पर

गौवंशों के गले में बांधी रेडियम पट्टी

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और गौवंशों की सुरक्षा के लिए यातायात पुलिस ने सड़क पर बैठे एवं विचरण करने वाले गौवंशों के गले में रेडियम पट्टी बांधी। वाहन की हेडलाइट पड़ने पर रेडियम पट्टी चमकती है, जिससे रात के समय सड़क पर मौजूद गौवंश वाहन चालकों को दूर से दिखाई दे सकेंगे। इससे चालक समय रहते वाहन की गति नियंत्रित कर सकेंगे और दुर्घटनाओं की संभावना कम करने में मदद मिलेगी।

सामूहिक पूजा-अर्चना के बाद बच्चों की पीठ पर पोता लगाने की निभाएंगी रस्म

संतान की दीर्घायु के लिए महिलाएं रखेंगी कमरछठ व्रत, आज मनाया जाएगा पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

संतान की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर महिलाएं इस वर्ष आज को कमरछठ यानी हलषष्ठी का व्रत रखेंगी। छत्तीसगढ़ में इस पर्व को हलछठ, हरछठ, ललही छठ और कमरछठ के नाम से भी जाना जाता है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई भगवान बलराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। हलषष्ठी के दिन महिलाएं संतान की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए निर्जला या अपनी परंपरा के अनुसार व्रत रखती हैं। व्रत के दौरान हल से जोती गई भूमि में पैदा होने वाले अनाज का सेवन नहीं किया जाता। तालाब अथवा पानी में उगने वाले अन्न और प्राकृतिक रूप से उपलब्ध खाद्य सामग्री का उपयोग किया जाता है। पसही या तीना चावल, सिंघाड़ा और मखाना जैसे खाद्य पदार्थों का विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन दूध-दही के सेवन को लेकर भी विशेष परंपरा है। मान्यता के अनुसार गाय के दूध और उससे बने पदार्थों का सेवन वर्जित माना जाता है, जबकि भैंस के दूध, दही और घी का उपयोग किया जाता है।

हलषष्ठी पर छरहर भाजी और पसहर चावल का भी विशेष महत्व है। मान्यता है कि ये हल से जोते गए खेत में पैदा नहीं होते, इसलिए इन्हें व्रत के दौरान ग्रहण किया जाता है। गेहूं, सामान्य चावल, दाल सहित हल से जुताई कर उगाए जाने वाले अन्न का सेवन इस दिन नहीं किया जाता। महिलाएं सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर हलषष्ठी माता की विधिवत पूजा करती हैं और व्रत कथा सुनती हैं। पूजा के बाद घर लौटकर संतान की पीठ पर पोता लगाने की पारंपरिक रस्म निभाई जाती है। इसके साथ ही माताएं अपने बच्चों की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। पर्व को लेकर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महिलाओं में उत्साह देखा जा रहा है।

छह प्रकार की भाजी का विशेष महत्व

कमरछठ के व्रत में छह प्रकार की भाजियों का विशेष महत्व है। स्थानीय परंपरा के अनुसार बिना हल चलाए अथवा प्राकृतिक रूप से उगने वाली भाजियों का उपयोग पूजा और व्रत के भोजन में किया जाता है। इनमें मुनगा भाजी, चरोटा भाजी, मखना भाजी, कुंदरू, कांदा भाजी और बरबट्टी भाजी सहित अन्य स्थानीय भाजियां शामिल की जाती हैं। क्षेत्र के अनुसार इन भाजियों में कुछ बदलाव भी देखने को मिलता है।

संतान की दीर्घायु के लिए महिलाएं आज रखेंगी कमरछठ व्रत

बेमेतरा/थान खम्हरिया। छत्तीसगढ़ का पारंपरिक पर्व हलषष्ठी (कमरछठ) आज नगर सहित ग्रामीण अंचलों में श्रद्धा और परंपरा के साथ मनाया जाएगा। संतान की दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर महिलाएं उपवास रखेंगी। व्रत के दौरान हल से जुती भूमि की उपज का उपयोग नहीं किया जाता है। महिलाएं पसहर चावल और सात प्रकार के अनाज से व्रत का पारण करेंगी। कमरछठ के अवसर पर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर सगरी बनाई जाएगी। महिलाएं समूह में भगवान शिव-पार्वती की कथा सुनकर पूजा-अर्चना करेंगी और संतान की पीठ पर पोती लगाकर उनकी लंबी आयु की कामना करेंगी। इस दौरान पर्व से जुड़ी पारंपरिक मान्यताओं और रीति-रिवाजों का निर्वहन किया जाएगा। पर्व को लेकर बाजार में भी रौनक रही। नगर के बाजार में पसहर चावल करीब 100 रुपये किलो तक बिका। इसके अलावा गेहूं, अरहर, मसूर, चना, महुआ सहित सात प्रकार के अनाज, धान की लाई और व्रत में उपयोग होने वाली अन्य सामग्री की दुकानों पर भीड़ रही। नगर के हृदय स्थल गोल बाजार में सुबह से देर शाम तक महिलाओं की खरीदारी के लिए खासा भीड़ देखने को मिली।

स्टील इंफा सॉल्यूशन कंपनी में श्रमिक की मौत के बाद जांच, मिली ढेरों खामियां

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

हथखोज स्थित मेसर्स स्टील इंफा सॉल्यूशन कंपनी लिमिटेड में 19 अगस्त को हुई दुर्घटना के बाद औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा दुर्घटना स्थल का निरीक्षण कर प्राथमिक जांच की गई। हादसे में सीएनसी हेल्पर राजेश कुमार निर्मलकर (40 वर्ष) की मृत्यु हुई थी। 20 अगस्त को सहायक संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के साथ विभागीय अधिकारियों ने कारखाना पहुंचकर दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान कारखाना प्रबंधन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्राथमिक जांच में कारखाना प्रबंधन की ओर से कई गंभीर सुरक्षा खामियां सामने आईं। जांच में पाया गया कि क्रेन का संचालन सक्षम एवं अधिकृत व्यक्ति से कराने के बजाय अनस्किल्ड वर्कर से कराया जा रहा था। क्रेन के संचालन, रखरखाव, पर्यवेक्षण एवं प्रशिक्षण में निर्धारित सुरक्षा नियमों और प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया। जांच में यह भी पाया गया कि आई-बीम, क्रेन की चेन एवं अन्य संबंधित उपकरणों का उचित रखरखाव और नियमित निरीक्षण नहीं किया गया था।

नोटिस जारी कर मांगा गया स्पष्टीकरण, ईओटी और हाइड्रा क्रेन के संचालन पर प्रतिबंध

क्रेन की चेन में लगे हुक में सेफ्टी कैच नहीं था उपलब्ध

क्रेन की चेन में लगे हुक में आवश्यक सेफ्टी लैच, सेफ्टी कैच भी उपलब्ध नहीं पाया गया, जिससे भार के अनियंत्रित रूप से निकलने की संभावना बनी हुई थी। जांच के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि 24 जनवरी को इसी कारखाने में ईओटी क्रेन संचालन के दौरान एक अन्य प्राणांतक दुर्घटना घटित हुई थी। इस मामले में कार्यालय द्वारा न्यायालय में अभियोजन प्रस्तुत किया गया था। इसके बावजूद क्रेन संचालन एवं रखरखाव में निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जाना गंभीर विषय पाया गया। विभागीय जांच में क्रेन संचालन के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर, श्रमिकों के प्रशिक्षण, पर्यवेक्षण, निरीक्षण एवं सुरक्षा उपकरणों की जांच-परीक्षण व्यवस्था में भी कमियां पाई गईं।



ईओटी और हाइड्रा क्रेन के संचालन पर लगाई रोक

उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा एवं कारखाना निरीक्षक से प्राप्त जानकारी अनुसार श्रमिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य दशाओं को ध्यान में रखते हुए उपजीविकाजन्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यदशा संहिता 2020 की धारा 38(1)(क) में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए प्रबंधक को कारखाने में स्थापित समस्त ईओटी क्रेन एवं हाइड्रा क्रेन का संचालन तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं।

नोटिस जारी कर मांगा गया स्पष्टीकरण

साथ ही, कारखाना प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि उक्त क्रेनों के सुरक्षित परिचालन के लिए जांच में सामने आई अनियमितताओं के संबंध में सुरक्षा की दृष्टि से अपनाए जाने वाले सभी तकनीकी एवं पर्याप्त सुधारात्मक उपायों की जानकारी तथा अनिवार्य दस्तावेज तत्काल कार्यालय में प्रस्तुत किए जाएं। प्रतिबंधात्मक आदेश की अवधि में कारखाने में नियोजित समस्त श्रमिकों को देय वेतन एवं अन्य भत्तों का भुगतान निर्धारित तिथि पर करना भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

खबर संक्षेप

पीएम आवास के डिफॉल्टरों की जमा राशि होगी राजसात

भिलाई। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के मोर मकान मोर आस घटक के अंतर्गत निवासरत किरायेदारों व बेघर परिवारों को अंशदान का 10 प्रतिशत राशि जमा कराकर आवासों का आवंटन किया गया है। आवास आवंटन होने के 1 माह उपरान्त से लेकर लगातार 9 माह तक 10 प्रतिशत के समान किश्तों की राशि को निगम कोष में जमा करना अनिवार्य होगा। इस संबंध में आबंटिती को लॉटरी द्वारा आवास आबंटन के लिए जारी सूचना पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है। हितग्राही द्वारा प्रदाय चेक लगातार 2 बार बाउन्स होते है या समयावधि में राशि प्रदाय नहीं की जाती है, तो हितग्राही को डिफाल्टर घोषित करते हुए भुगतान की गई प्रथम और द्वितीय किश्त की राशि राजसात की जाएगी। जो हितग्राही आवंटन माह से 9 तक अपना पूर्ण बकाया अंशदान राशि निगम कोष में जमा नहीं किए हैं, उनका आवंटन निरस्त किया जाएगा।

जन्माष्टमी महोत्सव पर विविध आयोजन

भिलाई। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव 4 सितंबर को श्री राधाकृष्ण मंदिर, गीता भवन सेक्टर-6 भिलाई में आयोजित है। गिरीश गुप्ता ने बताया कि महाभिषेक, झांकी अनावरण, आरती, गीता पाठ सुबह 7.30 बजे, संध्या महाआरती शाम 7 बजे से, सांस्कृतिक कार्यक्रम रात्रि 8 बजे से, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, आरती और प्रसाद वितरण मध्यरात्रि 12 बजे से किया जाएगा।

न्यायिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल

भिलाई-3 में जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायालय तथा परिवार न्यायालय कैम्प कोर्ट का वर्चुअल उद्घाटन

न्यायामूर्ति रमेश सिन्हा ने कहा- न्यायिक कार्यवाही होगी सुविधाजनक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नागरिकों के निकट न्याय को पहुंचाने तथा न्यायिक सुविधाओं का विस्तार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में आज भिलाई-3 में जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायालय तथा परिवार न्यायालय का वर्चुअल उद्घाटन किया गया। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने पोर्टफोलियो न्यायाधीश न्यायमूर्ति नरेश कुमार चंद्रवंशी की उपस्थिति में भिलाई-3 स्थित जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायालय तथा परिवार न्यायालय का शुभारंभ किया। इसे भिलाई-3 क्षेत्र में न्यायिक सेवाओं की उपलब्धता को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया गया।

जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायालय तथा परिवार न्यायालय कैम्प कोर्ट-अतिरिक्त बैठक के प्रारंभ होने से क्षेत्र के नागरिकों को न्यायिक कार्यवाहियों के लिए अधिक सुविधाजनक एवं निकटस्थ न्यायिक मंच उपलब्ध होगा। न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने न्यायिक सेवाओं के विस्तार से जोड़ते हुए अपने विचार व्यक्त किए। भिलाई-3 में न्यायिक सुविधाओं का यह विस्तार न्याय वितरण प्रणाली में सुगमता, पहुंच एवं नागरिक-केंद्रित न्याय की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक कदम है। विशेष रूप से, परिवार न्यायालय कैम्प कोर्ट अतिरिक्त बैठक के प्रारंभ होने से पारिवारिक विवादों से संबंधित मामलों में संलग्न पक्षकारों को स्थानीय स्तर पर न्यायिक सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

जहां बढ़ती जनसंख्या वहां विधिक आवश्यकताएं

जिला एवं सत्र न्यायाधीश के. विनोद कुजूर ने कहा कि भिलाई-तीन एक महत्वपूर्ण एवं तीव्र गति से विकसित हो रहा क्षेत्र है, जहां बढ़ती हुई जनसंख्या तथा विविध प्रकार की विधिक आवश्यकताएं हैं। अतः भिलाई-तीन में न्यायालयों की स्थापना, अधिक सुगम, उत्तरदायी एवं नागरिक-केंद्रित न्याय वितरण प्रणाली के संबंध में माननीय मुख्य न्यायाधिपति की परिकल्पना का प्रतिबिंब है। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश सुमन एक्का ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग के पदाधिकारियों को जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दिलाई शपथ

दुर्ग। जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का पद एवं गोपनीयता शपथ ग्रहण समारोह शिवनाथ नदी रोड स्थित पंचवटी में संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश के. विनोद कुजूर ने की। इस अवसर पर मंत्री गजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सुमन एक्का प्रधान कुटुम्ब न्यायाधीश, ललित चंद्राकर विधायक, अलका बाघमार महापौर सहित अन्य उपस्थित रहे। न्यायाधीश ने के. विनोद कुजूर ने जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग के नव निर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को उनके पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान अध्यक्ष रमेश शर्मा, उपाध्यक्ष प्रशांत जोशी, सचिव रविशंकर सिंह, कोषाध्यक्ष साकेत मिश्रा, महिला उपाध्यक्ष पूजा मोंगरी, सहसचिव राकेश यद्ु, संध्या शुक्ला, क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक सचिव रवि शंकर मानिकपुरी, दसोदा सिक्का, ग्रंथालय सचिव ज्ञान प्रकाश तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य निखिल महलवार, केशव वर्मा, राजेश नायक, अमर जैन, रवीश सिंह राजपूत, अनामिका गुहा एवं गायत्री उपाध्याय ने कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की।

29 सरकारी स्कूलों में नहीं शौचालय के पर्याप्त इंतजाम 1.24 करोड़ रुपए की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले के शासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों को बेहतर एवं सुविधायुक्त शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव की पहल पर जिला पंचायत दुर्ग द्वारा जिले के 29 शासकीय स्कूलों में शौचालय निर्माण के लिए कुल 1 करोड़ 24 लाख 78 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृति आदेश जारी होने के बाद अब संबंधित स्कूलों में आवश्यकतानुसार शौचालय निर्माण एवं मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने का कार्य आगे बढ़ेगा।

शासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों की पढ़ाई के साथ-साथ उनकी मूलभूत सुविधाओं का बेहतर होना भी आवश्यक है। विशेषकर बालिकाओं के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधायुक्त शौचालय की उपलब्धता विद्यालयीन वातावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इन निर्माण कार्यों से विद्यार्थियों को सुविधा मिलने के साथ स्कूलों में स्वच्छता एवं बेहतर वातावरण को भी बढ़ावा मिलेगा। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि प्रदेश के शासकीय स्कूलों में केवल शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाना ही नहीं, बल्कि स्कूल भवन और मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना भी सरकार की प्राथमिकता है। स्कूलों में शौचालय, अतिरिक्त कक्ष, भवन संधारण, स्वच्छता सहित आवश्यक सुविधाओं को चरणबद्ध तरीके से मजबूत किया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और अनुकूल वातावरण मिल सके। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में प्रदेश सरकार शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले प्रत्येक विद्यार्थी के भविष्य को लेकर संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। मजबूत स्कूल अधोसंरचना बच्चों की बेहतर शिक्षा की आधारशिला है।

सेलूद स्कूल के विद्यार्थियों की मांग पर भी त्वरित पहल

ग्राम सेलूद स्थित शासकीय स्कूल में विद्यार्थियों द्वारा शौचालय की मांग को लेकर धरना देने के मामले को भी शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने गंभीरता से लिया था। विद्यार्थियों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए संबंधित स्कूल के लिए 4 लाख 39 हजार रुपये की लागत से शौचालय निर्माण तथा 7 लाख रुपये की लागत से अतिरिक्त कक्ष निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस प्रकार स्कूल में आवश्यक अधोसंरचना विकास के लिए कुल 11.39 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

स्मार्ट मीटर हटाओ अभियान के लिए बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के पदाधिकारीगण, समस्त ब्लॉक अध्यक्षगण एवं मंडल अध्यक्षगण की बैठक सोमवार को राजीव भवन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे स्मार्ट मीटर हटाओ अभियान के दुर्ग ग्रामीण जिला प्रभारी विनोद तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

- घर जाकर स्मार्ट मीटर हटाने के लिए भरवाए जाएंगे फॉर्म

बैठक का उद्देश्य जिला कांग्रेस की मासिक बैठक के साथ-साथ प्रदेश कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे स्मार्ट मीटर हटाओ अभियान को बूथ स्तर तक पहुंचाना तथा अब तक अभियान की गतिविधियों की समीक्षा कर आगामी रणनीति तय करना था। बैठक में निर्णय लिया गया कि स्मार्ट मीटर हटाओ आंदोलन के तहत घर-घर जाकर स्मार्ट मीटर हटाने के लिए फॉर्म भरवाने का अभियान मंडल स्तर पर चलाया जाएगा। इसके पश्चात सेक्टर एवं बूथ स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित कर अधिक से अधिक आम नागरिकों को अभियान से जोड़ा जाएगा।

इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि स्मार्ट मीटर को लेकर आम जनता में लगातार असंतोष देखने को मिल रहा है। कांग्रेस पार्टी जनता की समस्याओं और अधिकारों की लड़ाई हमेशा मजबूती से लड़ती रही है। स्मार्ट मीटर हटाओ अभियान को अब गांव-गांव, घर-घर और बूथ स्तर तक पहुंचाया जाएगा। कांग्रेस कार्यकर्ता प्रत्येक परिवार से संपर्क कर उनकी समस्याओं को समझेंगे और स्मार्ट मीटर हटाने के लिए फॉर्म भरवाएंगे। यह अभियान केवल कांग्रेस का नहीं, बल्कि आम जनता की परेशानी और उसके समाधान की लड़ाई है।

स्मार्ट मीटर हटाओ अभियान के प्रभारी विनोद तिवारी ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार स्मार्ट मीटर हटाओ अभियान को व्यापक जनआंदोलन का रूप दिया जाएगा। मंडल, सेक्टर और बूथ स्तर के कार्यकर्ता पूरी सक्रियता के साथ घर-घर पहुंचकर जनता को स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं के संबंध में जागरूक करेंगे तथा स्मार्ट मीटर हटाने के लिए फॉर्म भरवाएंगे। अभियान की सफलता के लिए संगठन के प्रत्येक स्तर की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। बैठक में प्रमुख रूप से कोषाध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल, प्रभारी महामंत्री राजीव गुप्ता, शमशीर कुरैशी, अय्यूब खान, विशाल देशमुख, रिवेंद्र यादव, प्रकाश ठाकुर, जामवंत गजपाल, संतलाल बंजारे, रविकांत ताम्रकर, लक्ष्मी साहू, करीम खान, पालेश्वर ठाकुर, राजेश मानिकपुरी, कमलेश साहू, उमेश साहू सहित अन्य मौजूद थे।

जिले में 1.21 लाख से अधिक बकेट क्लेम पूर्ण

दुर्ग। जिले में बकेट क्लेम के निराकरण की प्रक्रिया में लगातार प्रगति हो रही है। 27 अगस्त तक जिले में कुल 1,21,878 बकेट क्लेम पूर्ण किए जा चुके हैं। जिले में कुल 4,59,909 बकेट क्लेम दर्ज हैं। तहसील स्तर पर बोरी 57.19 प्रतिशत क्लेम पूर्ण कर जिले में प्रथम स्थान पर है।

धमधा में 49.93 प्रतिशत, अहिवारा में 39.97 प्रतिशत और पाटन में 38.59 प्रतिशत क्लेम पूर्ण किए जा चुके हैं। विगत चार दिवस में जिले में 931 बकेट क्लेम की प्रगति दर्ज की गई। इसमें पाटन में 426, धमधा में 141, दुर्ग में 137, बोरी में 96, अहिवारा में 86 तथा भिलाई-3 में 45 क्लेम शामिल हैं। बकेट क्लेम पंजीयन किसानों के लिए महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। कलेक्टर ने बकेट क्लेम से संबंधित लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करते हुए पंजीयन की गति बढ़ाने के निर्देश दिए गए है।

पेज 7 के शेष

विधायक दीपेश साहू ने ...

सीसी रोड निर्माण शामिल है। इन विकास कार्यों से गांव में सड़क, प्रकाश, शिक्षा और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होने के साथ ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

गांवों का विकास प्राथमिकता : दीपेश साहू: विधायक दीपेश साहू ने कहा कि गांवों का विकास प्राथमिकता में है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट, शिक्षा और मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्य लगातार कराए जा रहे हैं। मोहभट्ठा में लोकार्पित और भूमिपूजन किए गए कार्यों से ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी तथा गांव के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना लक्ष्य है। जनता की मांग और आवश्यकता के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कराया जाएगा। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने और निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया।

बेरला पुलिस की गौवंश ...

करीब 3 लाख रुपये, कुल 3 लाख 80 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की। गिरफ्तार आरोपियों में जय कुमार धीवर (51), निवासी भिलौरी, थाना धमधा, जिला दुर्ग और हेमंत कुमार वर्मा (27), निवासी पेड्रावन, थाना धमधा, जिला दुर्ग शामिल हैं। दोनों को 1 सितंबर को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी राजकुमार साहू, प्रशिक्षु उप निरीक्षक गीतांजली, प्रधान आरक्षक नोहर यादव, आरक्षक सुरेन्द्र जांगड़े, धनसाय मिरे सहित थाना बेरला के स्टाफ और गौवंश सेवकों की भूमिका रही।

यातायात नियमों के उल्लंघन ...

राजेश राजपूत सहित पुलिस टीम ने अभियान में भाग लिया। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि हाईवे या सड़क पर गौवंशों को विचरण करते अथवा बैठे हुए देखने पर सुरक्षित तरीके से उन्हें सड़क किनारे पहुंचाने में सहयोग करें। साथ ही शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, मालवाहक वाहनों में सवारी नहीं बैठाने, नाबालिगों को वाहन नहीं चलाने देने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील की गई है। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने और वाहन जांच के दौरान पुलिस का सहयोग करने को भी कहा गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

गणेश उत्सव में अश्लील गीत और फूहड़ प्रदर्शन पर रोक की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

गणेश उत्सव के दौरान डीजे पर अश्लील एवं आपत्तिजनक गीत बजाने तथा फूहड़ प्रदर्शन किए जाने के मामलों पर रोक लगाने की मांग उठी है। बजरंग दल के जिला अध्यक्ष ओम रवि भारती ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से ऐसे मामलों में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

जिला अध्यक्ष ओम रवि भारती ने कहा कि गणेश उत्सव एवं विसर्जन धार्मिक आस्था से जुड़े आयोजन हैं। ऐसे आयोजनों के दौरान अश्लील गीतों का प्रसारण और फूहड़ प्रदर्शन धार्मिक आयोजन की गरिमा को प्रभावित करता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि डीजे संचालन एवं सार्वजनिक आयोजनों से जुड़े निर्धारित नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए और आवश्यकता पड़ने पर एफआईआर भी दर्ज की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। बजरंग दल जिला अध्यक्ष ओम रवि भारती ने स्पष्ट किया कि उनकी मांग का उद्देश्य गणेश विसर्जन या किसी धार्मिक आयोजन में बाधा उत्पन्न करना नहीं है, बल्कि धार्मिक आयोजनों की गरिमा, सामाजिक शालीनता और सार्वजनिक मर्यादा बनाए रखना है।

बीएसपी में ठेका मजदूरों को नहीं मिल रहा कैंटीन भत्ता

मंथली इंसेंटिव रिवाइज नहीं होने से कर्मियों में असंतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में मंथली इंसेटिव को अब तक रिवाइज नहीं किए जाने से कर्मियों में असंतोष है। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। स्टील एम्प्लाइज यूनियन इंटक ने प्रबंधन से जल्द रिवाइज कर 10 हजार रुपए हर महीने प्रदान किए जाने की मांग की है।

- इंटक यूनियन ने महाप्रबंधक के साथ की बैठक

बीएसपी के महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध राजीव कुमार के साथ यूनियन के प्रतिनिधिमंडल की हुई बैठक में उत्पादन और उत्पादकता में योगदान देने वाले कर्मियों की उपेक्षा से अवगत कराया गया। स्टील एम्प्लाइज यूनियन इंटक के महासचिव संजय कुमार साहू ने बताया कि बीएसपी में मंथली इंसेंटिव स्कीम वर्ष 2007 से लागू है, जिसमें वर्तमान में अधिकतम लगभग 2,100 प्रतिमाह इंसेंटिव दिया जा रहा है। वहीं वर्ष 2007 में संयंत्र की लेबर प्रोडक्टिविटी लगभग 289 टन प्रति व्यक्ति थी, जो वर्तमान में बढ़कर 800 टन प्रति व्यक्ति से अधिक हो चुकी है। इसके बावजूद इंसेंटिव राशि में अपेक्षित वृद्धि नहीं हुई है। कर्मचारियों की बढ़ी हुई उत्पादकता और संयंत्र के उत्पादन में उनके योगदान को देखते हुए मंथली इंसेंटिव स्कीम में समयानुकूल संशोधन आवश्यक है। यूनियन ने प्रबंधन से जल्द इंसेंटिव रिवीजन की प्रक्रिया शुरू कर न्यूनतम 10 हजार रुपए प्रतिमाह इंसेंटिव निर्धारित किए जाने की मांग की।

सीपीएफ में टापअप की मिले सुविधा

सीपीएफ के अस्थायी ऋण में टॉप-अप की सुविधा पुनः शुरू करने की मांग की गई। साथ ही बीएसपी से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए आयोजित विदाई समारोह के लिए बीएसपी के क्लबों को निःशुल्क उपलब्ध कराने की मांग की गई।यूनियन ने कर्मचारियों के क्लबों का नियमानुसार रजिस्ट्रेशन कराकर उनके संचालन की जिम्मेदारी संबंधित समिति को सौंपने तथा संयंत्र के अंदर बेस कैंटीन को पुनः चालू करने की मांग भी प्रबंधन के समक्ष रखी।

श्रमिकों को मिले भत्ता

बीएसपी के हजारों ठेका मजदूरों को लीव कार्ड ,पेमेंट स्लिप, ऑनलाइन छुट्टी एवं रात्रि भत्ता ,आवास भत्ता, कैंटीन भत्ता, साइकिल भत्ता जल्द लागू करने की मांग की गई । श्रमिकों को मिलने वाले निर्धारित वेतन पूर्ण रूप से मिले इसकी व्यवस्था की जाए । इंटक यूनियन ने कहा कि कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों की सुविधाओं और कल्याण से जुड़े इन मुद्दों का शीघ्र समाधान किया जाना चाहिए, ताकि कर्मचारियों का मनोबल ऊंचा रहे और भिलाई इस्पात संयंत्र की उत्पादन क्षमता, उत्पादकता एवं लाभार्जन को और मजबूती मिले।बैठक में प्रबंधन की ओर से राहुल थोटे, वरिष्ठ प्रबंधक, यूनियन की ओर से पूरन वर्मा, जी.आर. सुमन, विश्वनाथ सिंह साहू, जे.के. सूर्यवंशी, रेशम राठौर, एस.बी. सिंह, सी.पी. वर्मा, ताम्रध्वज सिन्हा, राजकुमार, दीनानाथ सिंहसार्वा एवं आर. दिनेश सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

बीमारी को न्योता दे रहा आंगनबाड़ी के पास जमा गंदा पानी

निकुम। ग्राम पंचायत निकुम की उदासीनता के चलते आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 के पास बारिश का पानी गड्ढे में जमा हो रहा है। जलभराव और कीचड़ के बीच से होकर नौनिहाल बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचना पड़ रहा है। गंदे पानी के जमाव से मच्छरों के साथ जहरीले कीड़े-मकोड़ों का खतरा भी बना हुआ है, जिससे बच्चों के अभिभावक चिंतित हैं। आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चे पढ़ाई के साथ खेलकूद और भोजन भी करते हैं। ऐसे में केंद्र के आसपास की बदहाल स्थिति बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर सवाल खड़े कर रही है। कई परिजन बच्चों को केंद्र भेजने में भी घबराने लगे हैं। इसी स्थान पर बारिश के दौरान मजबूरी में शुक्रवार की हाट बाजार भी लगता है, जिसके चलते आम लोगों को भी कीचड़ और गंदे पानी के बीच सब्जी भाजी खरीदनी पड़ती है। ग्रामीणों का कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्र तक सीसी रोड व बाजार को सीसी कर निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ है। फिलहाल पंचायत द्वारा जलभराव वाली जगह पर मुरूम तक नहीं डाला गया है। ग्रामीणों ने पंचायत से मांग की है कि बच्चों और आमजनों की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जल निकासी की व्यवस्था कर मुरूम डलवाया जाए तथा जल्द से जल्द सीसी रोड का निर्माण कराया जाए। वहीं ग्राम पंचायत निकुम सरपंच भागवत पटेल ने कहा कि विधायक को नौ लाख रुपए की सीसी करने स्टीमेट बना कर दिया है।

आरएसएस सेलूद मंडल ने मनाया रक्षाबंधन उत्सव

सेलूद। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सेलूद मंडल ने रक्षाबंधन उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रभावना को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खेमलाल साहू जी ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का पर्व नहीं, बल्कि समाज में आपसी विश्वास, एकता और समरसता को मजबूत करने का संदेश देने वाला पर्व है। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए उपस्थित स्वयंसेवकों ने अधिक से अधिक पौधरोपण करने, पेड़-पौधों की देखभाल करने तथा पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में संघ के स्वयंसेवक एवं स्थानीय गणमान्यजन उपस्थित रहे। उक्त अवसर पर खेमलाल साहू, रमेश देवांगन, योगेश सोनवानी, जयप्रकाश साहू, शुभम सोनवानी, भावेश यदु, वंश देवांगन, जयदीप साहू, विकास बारले, नितिन साहू और भावेश साहू आदि मौजूद थे।

कुम्हीं में कचरे के ढेर से राहगीर परेशान, सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

जनपद पंचायत बेरला के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुम्ही में सफाई व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। गांव के मुख्य मार्ग और सड़क किनारे जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं। इससे राहगीरों के साथ ही स्थानीय लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कचरे से दुर्गंध उठने के कारण लोगों का सड़क से गुजरना मुश्किल हो रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत क्षेत्र में साफ-सफाई के लिए विभिन्न मदों से राशि उपलब्ध कराई जाती है। इसके बावजूद गांव में जगह-जगह कचरा जमा है। ग्रामीणों ने 15वें वित्त आयोग और मूलभूत मद से मिलने वाली राशि के उपयोग को लेकर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने स्वच्छता मद में हुए खर्च की जानकारी सार्वजनिक करने तथा आवश्यकता पड़ने पर इसकी जांच कराने की मांग की है।

सफाई व्यवस्था को लेकर पंचायत पर सवाल

तत्काल सफाई की मांग

ग्रामीणों और राहगीरों ने पंचायत एवं प्रशासन से सड़क किनारे जमा कचरे को तत्काल हटाने तथा नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही पंचायत को स्वच्छता एवं मूलभूत सुविधाओं के लिए मिलने वाली राशि के उपयोग की जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की गई है। जनसेवक रविन्द्र भास्कर चौबे ने कहा कि कुम्ही पंचायत में सड़क किनारे सहित अन्य स्थानों पर साफ-सफाई की गंभीर समस्या बनी हुई है। लगातार बारिश के कारण कचरा बिखरा हुआ है, जिससे बीमारी का खतरा बना हुआ है। शाम होते ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। ग्रामीणों में बीमारी फैलने को लेकर चिंता का माहौल है। सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार की जरूरत है।

बारिश में बढ़ी समस्या

वर्तमान में बारिश का दौर चलने के कारण सड़क किनारे जमा कचरे से समस्या और बढ़ गई है। कचरे के आसपास पानी जमा होने से मच्छरों के पनपने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि शाम होते ही मच्छरों की संख्या बढ़ जाती है। इससे डायरिया सहित अन्य बीमारियों के फैलने की आशंका को लेकर ग्रामीण चिंतित हैं।

ग्रामीणों ने तकनीकी जांच की मांग की, जनसेवक ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

उद्घाटन से पहले ही वेयरहाउस की बाउंड्रीवॉल और सीसी रोड में दरारें, निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

विकासखंड बेरला के ग्राम सोरला में करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित नए वेयरहाउस (गोदाम) के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। वेयरहाउस परिसर की बाउंड्रीवॉल और सीसी सड़क में जगह-जगह बड़ी दरारें दिखाई दे रही हैं। वहीं सीसी सड़क की ऊपरी परत भी कई स्थानों पर उखड़ने लगी है। निर्माण पूरा होने के कुछ समय बाद ही सामने आई इन खामियों ने निर्माण एजेंसी की कार्यप्रणाली और गुणवत्ता की निगरानी पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, वेयरहाउस का निर्माण हाल ही में पूरा हुआ है, लेकिन परिसर की बाउंड्रीवॉल में कई जगह गहरी दरारें आ गई हैं। कुछ हिस्सों में दीवार की स्थिति चिंताजनक नजर आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण में यदि गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग किया गया होता तो इतने कम समय में इस तरह की स्थिति सामने नहीं आती। वेयरहाउस परिसर में बनाई गई सीसी सड़क भी कई जगहों से टूटने और उखड़ने लगी है। सड़क की सतह से सीमेंट की परत निकलने के कारण निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। परिसर में भारी वाहनों की आवाजाही को देखते हुए सड़क की मौजूदा स्थिति भविष्य में परेशानी का कारण बन सकती है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण के दौरान गुणवत्ता की पर्याप्त निगरानी नहीं की गई। उनका कहना है कि यदि समय रहते तकनीकी स्तर पर निर्माण की जांच की जाती तो निर्माण पूरा होने के बाद इतनी जल्दी खामियां सामने नहीं आतीं। करोड़ों रुपये की लागत से तैयार किए गए सरकारी निर्माण में इस तरह की स्थिति को लेकर क्षेत्रवासियों में नाराजगी है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराने की मांग की है। साथ ही बाउंड्रीवॉल और सीसी सड़क की गुणवत्ता की जांच कर दोष पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार एवं जिम्मेदार अधिकारियों पर नियमानुसार कार्रवाई करने तथा क्षतिग्रस्त हिस्सों की गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कराने की मांग की गई है। जनसेवक ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप मामले में जनसेवक रविन्द्र भास्कर चौबे ने आरोप लगाया कि कार्य एजेंसी, ठेकेदार और प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही के चलते घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया है। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये की लागत वाले इस कार्य में भ्रष्टाचार की आशंका है। उन्होंने पूरे निर्माण कार्य की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराकर जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। अब निगाहें संबंधित विभाग की कार्रवाई पर टिकी हैं। तकनीकी जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि निर्माण में निर्धारित मानकों का पालन किया गया था या नहीं।

ग्लोबल एग्री वेंचर प्लांट के प्रदूषण से ग्रामीणों में आक्रोश, विस्थापन का मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

- छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के हस्तक्षेप से हुई बैठक

उप तहसील भिंभौरी क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेरलाकला में संचालित ग्लोबल एग्री वेंचर प्लांट से कथित प्रदूषण को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्लांट के संचालन से बच्चों के स्वास्थ्य और पेयजल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। समस्या को लेकर ग्रामीण लंबे समय से परेशान हैं। मामले को लेकर छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना की पहल पर प्लांट प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीणों ने प्रदूषण से जुड़ी समस्याएं प्रबंधन के सामने रखीं। चर्चा के बाद प्लांट प्रबंधन ने प्लांट को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने के संबंध में सकारात्मक निर्णय लेने का आश्वासन दिया। बताया गया कि भविष्य में यहां दूसरी कंपनी का संचालन किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, प्रस्तावित कंपनी में कुरकुरे बनाने की बात सामने आई है।

वादा पूरा नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के जिला युवा अध्यक्ष पुरेन्द्र साहू ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य और पेयजल से जुड़ी समस्या को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रबंधन ने तय समय सीमा में अपना आश्वासन पूरा नहीं किया तो संगठन के नेतृत्व में क्षेत्र के ग्रामीण आंदोलन करेंगे। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इनमें सुषमा परगनिहा, गजेन्द्र निषाद, धनंजय निषाद, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के पंच अरुण साहू, भूषण प्रताप, ललित निषाद, निरंजन साहू, रूपनारायण साहू, लोकु निषाद और पोकु निषाद सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

लोक अदालत में राजीनामा से प्रकरणों के निपटारे पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

लोक अदालत के माध्यम से लंबित प्रकरणों के आपसी राजीनामा से निपटारे को लेकर न्यायाधीश मालती यादव ने अधिवक्ताओं से अपने-अपने पक्षकारों से आवश्यक विचार-विमर्श कर उन्हें प्रकरणों का राजीनामा के माध्यम से निराकरण कराने के लिए प्रेरित करने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से किए गए राजीनामे से लोगों के बीच का मनमुटाव समाप्त होता है और पक्षकारों को अनावश्यक आर्थिक नुकसान से भी राहत मिलती है। न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत विवादों के त्वरित एवं आपसी सहमति से समाधान का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने इस संबंध में उच्च न्यायालय एवं सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का भी उल्लेख किया तथा अधिवक्ताओं से अधिक से अधिक प्रकरणों को आपसी सहमति एवं राजीनामे के आधार पर समाप्त कराने में सहयोग करने की अपील की।

अधिवक्ताओं ने सहयोग का दिया भरोसा

इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मूलचंद शर्मा सहित सागर मानिक, विनोद शर्मा, अजय गोस्वामी, गोकुल राजपूत, विजय जोशी, योगेंद्र सिंह चंदेल, मनोज ठाकुर, कविता गोसाई, होलेश सिन्हा, केके वैष्णव, अजय देवांगन, गुलशन मनहरे सहित अधिवक्ता एवं लिपिक उपस्थित रहे। उपस्थित अधिवक्ताओं ने लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण में सहयोग करने की बात कही।

स्कूली छात्राओं ने सीआईएसएफ के जवानों को बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 उतई की छात्राओं ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों को राखी बांधी। प्राचार्य चंद्र किरण साहू के संरक्षण एवं व्याख्याता किरण शर्मा के मार्गदर्शन में रीजनल ट्रेनिंग सेंटर के जवानों को लगभग 30 छात्राओं ने राखी बांध कर खुशियां मनाई। कमांडेंट एम. नौरेम सीएचए ने इस अवसर पर कहा कि यह भाई बहन के प्यार और स्नेह का त्योहार है। हम जवानों के लिए हर पल खतरों से भरा रहता है ऐसी परिस्थिति में बहनों का यह प्यार प्रेम भाव एवं आशीर्वाद ही जीवन की रक्षा करता और हौसला बढ़ाता है। किरण शर्मा ने रक्षा बंधन के पावन पर्व के महत्व पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर आरआई मनोज कुमार और गोविंद वासिबाल सहित 100 जवानों की कलाई पर स्कूली छात्राओं ने रक्षा सूत्र बांधा। इस पूरे आयोजन में व्याख्याता अंजना, संतोष साहू एवं स्कूली छात्राओं में पल्लवी, एकता भैरवी , मुस्कान, मेघा, स्वाति लक्ष्मी , चेतना , मनीषा, निमिषा, नम्रता एवं अन्य ने अपनी भागीदारी दी।

देवकर में गूंजा 'जयतु संस्कृतम', भव्य शोभायात्रा से संस्कृतमय हुआ नगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर

नगर में संचालित ओम साईं संस्कृत विद्यालय के तत्वावधान में आयोजित संस्कृत सप्ताह के सातवें एवं अंतिम दिन भव्य संस्कृत शोभायात्रा निकाली गई। जनजागरण यात्रा में ओम साईं संस्कृत विद्यालय के साथ शासकीय कन्या प्राथमिक शाला, सरस्वती शिशु मंदिर और स्वामी आत्मानंद विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने सहभागिता की।

नगर भ्रमण के दौरान देवकर 'जयतु जयतु संस्कृत भाषा' और 'संस्कृतं भारतस्य जीवनम' जैसे नारों से गूंज उठा। शोभायात्रा के माध्यम से संस्कृत भाषा के संरक्षण, संवर्धन और भारतीय संस्कृति में उसके महत्व का संदेश दिया गया।

शोभायात्रा का प्रमुख आकर्षण महर्षि कालिदास, महर्षि वेदव्यास, महर्षि वाल्मीकि और आचार्य पाणिनि के रूप में सजे बच्चों की जीवंत झांकियां रहीं। पारंपरिक एवं ऐतिहासिक वेशभूषा में बच्चों की प्रस्तुतियों ने नगरवासियों का ध्यान आकर्षित किया।

यात्रा मार्ग के दोनों ओर खड़े लोगों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने स्वेच्छा से मीठे-नमकीन खाद्य पदार्थ और शीतल जल का वितरण भी किया। सप्ताहभर चले संस्कृत सप्ताह के समापन पर विशाल भंडारे और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों एवं विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। आयोजन समिति ने कार्यक्रम की सफलता के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बेमेतरा, साजा विकासखंड शिक्षा विभाग, सहयोगी विद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और देवकर नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

चार साल बाद भी अधूरा पड़ा यात्री प्रतीक्षालय यात्रियों को खुले में करना पड़ रहा बसों का इंतजार

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थान खमरिया।

- पतोरा में करीब 10 लाख की लागत से प्रस्तावित था निर्माण, टाइल्स में दरारें आने से गुणवत्ता पर उठे सवाल

थान खमरिया के समीप ग्राम पतोरा के मुख्य मार्ग पर बनाया जा रहा यात्री प्रतीक्षालय लंबे समय से अधूरा पड़ा है। निर्माण कार्य पूरा नहीं होने के कारण आसपास के दर्जनों गांवों से आने वाले यात्रियों को बसों के इंतजार के दौरान खुले आसमान के नीचे खड़ा रहना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार यात्री प्रतीक्षालय के निर्माण के लिए पर्यावरण विभाग से करीब 10 लाख रुपये की स्वीकृति मिलने के बाद ठेकेदार प्रवीण साहू द्वारा कार्य शुरू कराया गया था। हालांकि, निर्माण शुरू होने के बाद कई वर्ष बीत जाने के बावजूद काम अब तक पूरा नहीं हो सका है। निर्माण की स्वीकृति और कार्य शुरू होने की सही तिथि की आधिकारिक जानकारी सामने आने के बाद ही इसकी समयावधि स्पष्ट हो सकेगी। प्रतीक्षालय निर्माण के लिए जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में भूमिपूजन भी किया गया था। हालांकि, मौके पर लगाया गया भूमिपूजन का पत्थर अब दिखाई नहीं दे रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि पत्थर हटाया गया है या किसी अन्य कारण से वहां नहीं है, इसकी जानकारी संबंधित विभाग ही स्पष्ट कर सकता है।

हाल ही में प्रतीक्षालय में टाइल्स लगाए गए हैं, लेकिन कुछ स्थानों पर टाइल्स में दरारें दिखाई देने लगी हैं। इससे निर्माण की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। हालांकि, गुणवत्ता संबंधी स्थिति की पुष्टि तकनीकी जांच के बाद ही हो सकेगी। प्रतीक्षालय का निर्माण अधूरा रहने से यात्रियों को गर्मी, बारिश और अन्य मौसम में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को बसों के इंतजार के दौरान बैठने और बारिश से बचने के लिए उचित स्थान नहीं मिल पा रहा है।

ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से मांग की है कि यात्री प्रतीक्षालय के निर्माण की प्रगति, स्वीकृत राशि के उपयोग और निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराई जाए। साथ ही अधूरे कार्य को जल्द पूरा कराकर यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

HEALTH TOWN

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

पाइल्स
पाइल्स का इलाज, एक लेप, द्वारा मस्से को गला कर जड़ से इलाज किया जाता है।
समय : सुबह 9.30 से रात 8.00 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

भाठाकोकड़ी में भोजली महोत्सव आयोजित

धमधा। ग्राम भाठाकोकड़ी में भोजली महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वीरांगना रानी अवन्ति बाई लोधी के मूर्ति की पूजा-अर्चना कर की गई। कार्यक्रम में किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. जोहान वर्मा, पूर्व जनपद सदस्य धमधा ने की। वहीं रुकुम वर्मा, ग्राम पटेल एवं जितेंद्र कुमार पटेल, सरपंच प्रतिनिधि भाठाकोकड़ी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। भोजली महोत्सव में विभिन्न प्रतिभागियों ने अपनी भोजली का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को लोधी समाज की ओर से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गायत्री वर्मा, पिता प्रदीप वर्मा, द्वितीय स्थान त्रिवेणी वर्मा, पति चंदू वर्मा तथा तृतीय स्थान राधा वर्मा, पिता मुकेश वर्मा ने प्राप्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल ने वीरांगना रानी अवन्ति बाई लोधी के आदर्शों, साहस और नीतियों को याद करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम में किसुन वर्मा, देवेंद्र वर्मा, नरेश वर्मा, निर्भय वर्मा, द्वारिका वर्मा, धनेश वर्मा, नरोत्तम वर्मा, ब्यास वर्मा, तामेश्वर चंदेल, दशरथ वर्मा, काशी वर्मा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पिथेलेस साहू ने किया।

संस्कृत दिवस मनाया

पाटन। शासकीय हाई स्कूल गुजरा में संस्कृत दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशेष बच्चों को भारतीय संस्कृति पर आधारित कविता भाषण प्रस्तुत किया। बच्चों ने अतिथि देवो भव और वासुदेव कुटुंबकम का संदेश दिया। कार्यक्रम में बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में नमस्ते प्रणाम और सहयोग जैसे संस्कारों को नाटक के माध्यम से दिखाए पोस्टर प्रदर्शन की में बच्चों द्वारा बनाए गए चित्र आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर प्राचार्य क्वीनी, अमित भारती, गगन धुरंधर, अनुराधा, लक्ष्मी चंद्राकार, अर्चना बाजड़ आदि उपस्थित थे।

डीएवी नंदिनी माइंस में जोनल स्पोर्ट्स मीट शुरू

दुर्ग। डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल, नंदिनी माइंस में दो दिवसीय डी.ए.वी. स्पोर्ट्स मीट - जोनल स्तर (अंडर-17) छत्तीसगढ़ जोन की शुरुआत रविवार को हुई। इस खेल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ जोन के विभिन्न डी.ए.वी. विद्यालयों के विद्यार्थी कबड्डी एवं योग प्रतियोगिताओं में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना का विकास करना है। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से चयनित बालक एवं बालिका खिलाड़ी उत्साहपूर्वक सहभागिता करेंगे। शाला प्रभारी दिनेश कुमार जाधव ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक विकास के साथ-साथ उनके मानसिक एवं भावनात्मक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कुम्ही में किसान कुटीर सह कार्यालय का निर्माण अधूरा, घटिया निर्माण से उखड़ रही टाइल्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

विकासखंड बेरला के ग्राम पंचायत कुम्ही स्थित सेवा सहकारी समिति मर्यादित कुम्ही पंजीयन क्रमांक 482 का किसान कुटीर सह कार्यालय भवन निर्माण के वर्षों बाद भी अधूरा पड़ा है। परिसर में प्रवेश द्वार से लेकर शौचालय तक कई निर्माण कार्य अधूरे हैं। वहीं शौचालय में लगी टाइल्स और सीमेंट की परत उखड़ने लगी है। इससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं।

उद्घाटन के बाद भी अधूरा निर्माण: किसान कुटीर सह कार्यालय का उद्घाटन 7 दिसंबर 2021 को जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया गया था।

प्रवेश द्वार पर वर्षों से लटक रही सरिया

उखड़ने लगी टाइल्स, गुणवत्ता पर सवाल

शौचालय के अंदर और सीढ़ियों पर लगाई गई काली-सफेद डिजाइन वाली टाइल्स कई जगह से टूटकर उखड़ गई हैं। सीमेंट की परत भी कमजोर होकर निकल रही है। फर्श पर पानी और काई जमा होने से निर्माण कार्य लंबे समय से बंद होने की स्थिति नजर आती है। शौचालय का निर्माण पूरा होने से पहले ही टाइल्स

शौचालय निर्माण भी अधूरा

भवन के पीछे बनाए जा रहे पुरुष-महिला शौचालय की स्थिति भी खराब है। शौचालय के कमरों में दरवाजे नहीं लगे हैं और निर्माण कार्य अधूरा है। अंदर पैन तो लगाए गए हैं, लेकिन फर्श सहित अन्य कार्य पूरे नहीं हुए हैं। निर्माण सामग्री भी परिसर में बिखरी हुई है।

जांच और कार्रवाई की मांग

स्थानीय किसानों और ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और भुगतान प्रक्रिया की जांच की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा निर्माण कार्य की पर्याप्त गुणवत्ता जांच नहीं किए जाने के कारण घटिया निर्माण हुआ और काम अधूरा रह गया। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, निर्माण कार्य की गुणवत्ता की तकनीकी जांच कराने तथा दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही अधूरे प्रवेश द्वार, शौचालय सहित अन्य कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से जल्द पूरा कराने की मांग की गई है।

इसके बावजूद भवन परिसर में कई कार्य अब तक पूरे नहीं हुए हैं। भवन की मुख्य दीवार पर किसान कुटीर सह कार्यालय नवीन समिति स्थापना की तारीख 17 अक्टूबर 2023 अंकित है, लेकिन मौके की स्थिति निर्माण कार्य की वास्तविकता पर सवाल खड़े करती है।

भवन के मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण अधूरा है। गेट के पिलर के लिए खड़ी की गई लोहे की सरियां लंबे समय से खुले में पड़ी हैं और जंग खा रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार पिलर के लिए गड्ढे खोदकर सरियां खड़ी करने के बाद काम बंद कर दिया गया। खुले में निकली सरियां दुर्घटना का कारण बन सकती हैं।

सुविधा : 25 गांवों की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को मिलेगी मजबूती

बेमेतरा में बिजली व्यवस्था को मजबूती, 19 करोड़ की लागत से 132/33 केवी उपकेंद्र शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने बेमेतरा जिले के बेतर (दाढ़ी) में नवनिर्मित 132/33 केवी उपकेंद्र का ऊर्जीकरण किया। उपकेंद्र में स्थापित 40-40 एमवीए क्षमता के दो पावर ट्रांसफार्मरों को भी सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत किया गया। इससे उपकेंद्र में कुल 80 एमवीए की ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता उपलब्ध हो गई है।

नए उपकेंद्र के शुरू होने से बेमेतरा जिले के 72 और कवर्धा जिले के 25 गांवों की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। बढ़ती विद्युत मांग के अनुरूप भार प्रबंधन बेहतर होगा और घरेलू, कृषि सहित अन्य उपभोक्ताओं को अधिक विश्वसनीय एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। उपकेंद्र के निर्माण की कुल लागत लगभग 19 करोड़ रुपये है। उपकेंद्र को पारेषण नेटवर्क से जोड़ने के लिए 220 केवी उपकेंद्र गेन्दपुर से 132 केवी उपकेंद्र जाने वाली पारेषण लाइन को लीलो किया गया है। इसके लिए लगभग 8.8 करोड़ रुपये की लागत से 5 किलोमीटर नई पारेषण लाइन का निर्माण किया गया। इससे क्षेत्र में पारेषण क्षमता और विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता बढ़ेगी।

ऊर्जीकरण के अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में बढ़ती विद्युत मांग को देखते हुए पारेषण नेटवर्क का लगातार विस्तार किया जा रहा है। नए उपकेंद्रों और पारेषण लाइनों के निर्माण से वर्तमान जरूरतों के साथ भविष्य में बढ़ने वाले विद्युत भार के लिए भी आवश्यक अधोसंरचना तैयार होगी। बेतर (दाढ़ी) का नया उपकेंद्र क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को अधिक सक्षम और विश्वसनीय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर उपकेंद्र परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक एम. एस. चौहान, संजय पटेल, के. एस. मनोठिया, वीरेंद्र दीक्षित, शिरीष शैलेट, मुख्य अभियंता अब्राहम वर्गीस, संजय तिवारी, प्रसन्ना गोसावी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश तिवारी, अधीक्षण अभियंता आई. एस. कंवर, करुणेश यादव, सुनील भूआर्य, धनेश देवांगन, तरुण ठाकुर, विक्रम मंधान, ललित देवांगन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

संभागीय समस्याओं के निराकरण को लेकर टीचर्स एसोसिएशन ने सहायक संचालक से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

संभाग स्तर पर शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को दुर्ग के सहायक संचालक केके शुक्ला से मुलाकात की। इस दौरान शिक्षकों की पदोन्नति सहित अन्य लंबित प्रकरणों को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई।

टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष विजय कुमार डेहरे ने बताया कि सेवारत शिक्षकों के लिए शासन द्वारा टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने की निर्धारित समय-सीमा वर्ष 2028 तक है। उन्होंने टीईटी की अनिवार्यता को शिथिल करते हुए पदोन्नति की कार्यवाही किए जाने की मांग रखी। इस पर सहायक संचालक ने सकारात्मक चर्चा करते हुए प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों की सर्विस बुक संधारण का कार्य पूर्ण कराने, पेंशन एवं ग्रेच्युटी के लंबित प्रकरणों का निराकरण करने, उच्च परीक्षा में शामिल होने के लिए लंबित प्रकरणों का निराकरण करने तथा संभाग स्तरीय एकजाई वरिष्ठता सूची का शीघ्र प्रकाशन करने की मांग भी रखी। इन सभी मामलों में भी प्रकरणों की समीक्षा कर निराकरण का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर दुर्ग संभाग प्रभारी शैलेन्द्र यदु, राजनांदगांव जिलाध्यक्ष गोपी वर्मा, बेमेतरा जिलाध्यक्ष विजय डेहरे, अशोक साहू, बिसेन सिंह राजपूत, देवनाथ साहू, चुरावन वर्मा, गोपी तिवारी, प्रदेश महामंत्री राजेश क्षत्री भाटापारा, प्रदेश महासचिव जयंत यादव, संजय चंद्राकर दुर्ग, राजनांदगांव जिला सचिव जीवन वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष हंस मेश्राम, जिला महामंत्री राजेश साहू, ब्लॉक अध्यक्ष सोहन वर्मा राजनांदगांव और जिला प्रवक्ता मनोज कुमार वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बीज उत्पादन कार्यक्रम में बेमेतरा के 1296 हेक्टेयर खेतों का पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिले में गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग द्वारा संचालित बीज उत्पादन कार्यक्रम के तहत इस खरीफ सीजन में 1296 हेक्टेयर क्षेत्र का फसल पंजीयन किया गया है। पिछले खरीफ सीजन में 1069 हेक्टेयर क्षेत्र का पंजीयन हुआ था। इस तरह इस वर्ष पंजीकृत क्षेत्र में 227 हेक्टेयर की वृद्धि दर्ज की गई है।

- पिछले साल की तुलना में 227 हेक्टेयर क्षेत्र बढ़ा

कृषि विभाग द्वारा धान के साथ-साथ दलहन, तिलहन एवं अन्य फसलों के बीज उत्पादन को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करना, स्थानीय स्तर पर उन्नत एवं प्रमाणित बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा कृषि उत्पादकता बढ़ाना है। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं के निर्देश पर पंजीकृत किसानों को बीज उत्पादन से संबंधित तकनीकी मार्गदर्शन और विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। कृषि अधिकारियों द्वारा फसल की गुणवत्ता बनाए रखने तथा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप बीज उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए किसानों को आवश्यक सलाह दी जा रही है।

कलेक्टर ने किसानों से कृषि विभाग की बीज उत्पादन सहित अन्य योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाकर उत्पादन और आय बढ़ाने की अपील की है।

मरका में एसकेडीवी मिशन की समीक्षा बैठक, 15 गांवों के प्रतिनिधि हुए शामिल

बेमेतरा। तहसील क्षेत्र के ग्राम मरका में मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में 15 गांवों के प्रतिनिधियों ने शामिल होकर मिशन से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम में प्रीतम वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, तमन वर्मा, सुखदेव वर्मा, प्रहलाद साहू, किरण वर्मा, शशिप्रभा साहू, गुरु गोसाई प्रकाश साहेब, धनंजय साहू, गोवर्धन साहू सहित कबीर आश्रम के पुजारी बलदाऊ साहू और कबीर पंथ के अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में कबीर पंथ से जुड़े विभिन्न विषयों, सामाजिक गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण भी किया गया। उपस्थित प्रतिनिधियों ने पौधों की देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया।

नवलपुर में विधिक जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के निर्देशानुसार ग्राम नवलपुर में एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की विभिन्न योजनाओं, निःशुल्क कानूनी सहायता और उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। शिविर में लीगल एड डिफेंस काउंसिल, अधिकार मित्र और लीगल इंटर्न ने ग्रामीणों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों एवं योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में दी।

- ग्रामीणों को नालसा की योजनाओं, नि:शुल्क कानूनी सहायता और अधिकारों की दी गई जानकारी

मानव तस्करी और यौन शोषण के पीड़ितों को निःशुल्क सहायता

सहायक प्रतिरक्षा अधिवक्ता आयुष शुक्ला ने नालसा की मानव तस्करी एवं व्यावसायिक यौन शोषण के पीड़ितों हेतु विधिक सेवाएं योजना, 2015 की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मानव तस्करी, जबरन वेश्यावृत्ति, यौन शोषण एवं देह व्यापार के पीड़ित महिलाओं, बच्चों और अन्य व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सहायता एवं संरक्षण उपलब्ध कराया जाता है। न्यायालयीन प्रकरणों में सहयोग, सुरक्षा, बचाव और पुनर्वास के साथ पीड़ितों के मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक पुनर्वास पर भी ध्यान दिया जाता है। लीगल इंटर्न निष्ठा ने पॉक्सो अधिनियम के तहत पीड़ित बच्चों को मिलने वाली कानूनी सहायता एवं अन्य सहयोग की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण प्रदान करने वाले कानून के प्रमुख प्रावधानों से ग्रामीणों को अवगत कराया।

एसिड अटैक पीड़ितों के अधिकार बताए

प्रतिरक्षा अधिवक्ता सूरज मिश्रा ने नालसा की एसिड अटैक पीड़ितों को विधिक सेवाएं योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसिड अटैक पीड़ितों को निःशुल्क अधिवक्ता एवं कानूनी सहायता के साथ मुआवजा, उपचार, पुनर्वास तथा सरकारी योजनाओं से जोड़ने में सहयोग दिया जाता है। अपराधियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई में उपलब्ध सहायता के बारे में भी जानकारी दी गई।

बच्चों के लिए सुरक्षित कानूनी वातावरण पर जोर

प्रतिरक्षा अधिवक्ता देवेंद्र साहू ने नालसा की बच्चों के लिए बाल-मित्र कानूनी सेवाएं योजना, 2024 के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य कानूनी प्रक्रिया के दौरान बच्चों को सुरक्षित, सहज एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना है। बाल पीड़ित, बाल अपराधी, अनाथ तथा संरक्षण एवं देखभाल की आवश्यकता वाले बच्चों को आवश्यक कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के साथ पुलिस और न्यायालयीन प्रक्रिया में उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाती है।

लीगल क्लीनिक से मिलती है निःशुल्क कानूनी सलाह

अधिकार मित्र स्वाति कुंजाम ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (विधिक क्लीनिक) विनियम, 2011 के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गरीब, जरूरतमंद और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों तक निःशुल्क कानूनी सहायता पहुंचाने के लिए विधिक क्लीनिक संचालित किए जाते हैं। यहां कानूनी सलाह, आवेदन तैयार करने में सहायता, प्रकरण को समझने में सहयोग तथा विधिक अधिकारों की जानकारी दी जाती है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा जेल, स्कूल, कॉलेज एवं अन्य स्थानों पर भी विधिक जागरूकता और सहायता संबंधी गतिविधियां संचालित की जाती हैं। शिविर में ग्रामीणों ने कानूनी योजनाओं एवं अपने अधिकारों से संबंधित जानकारी प्राप्त करने में उत्साह दिखाया। उपस्थित लोगों को नालसा और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध निःशुल्क विधिक सहायता सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

सुआ नृत्य, झूले और खेल प्रतियोगिताओं ने बांधा समां; महिलाओं ने उत्साह से लिया हिस्सा

बेमेतरा में भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया सावन-तीजा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा सावन एवं तीजा उत्सव का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ी पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने सुआ नृत्य, लोकगीत, झूला और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर उत्सव का आनद लिया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी और प्रदेश महामंत्री शीतल नायक शामिल हुईं। कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का पुष्पवर्षा और पारंपरिक सुआ नृत्य के साथ स्वागत किया। भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय की विशेष उपस्थिति भी रही।

विभा अवस्थी ने कहा कि सावन और तीजा छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकजुटता के प्रतीक हैं। उन्होंने बेमेतरा महिला मोर्चा द्वारा सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। शीतल नायक ने कहा कि ऐसे आयोजन लोक परंपराओं को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने महिला मोर्चा की सक्रियता को संगठन की मजबूती का आधार बताया। सांसद विजय बघेल ने कहा कि महिला कार्यकर्ताओं की सक्रियता पार्टी संगठन को मजबूत करती है। उन्होंने आयोजन को संस्कृति के सम्मान और कार्यकर्ताओं के आपसी जुड़ाव का माध्यम बताया। जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि सावन-तीजा उत्सव केवल मनोरंजन का आयोजन नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की मातृशक्ति की सांस्कृतिक पहचान का उत्सव है। उन्होंने प्रदेश एवं जिला संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

महिला मोर्चा की जिला प्रभारी कुमुद बघेल, पूर्व अध्यक्ष ललिता साहू, मंडल अध्यक्ष ममता साहू, पिंकी नेमा, निशा चौबे, ओमेश्वरी साहू, मीनू पटेल, मनीता साहू, महामंत्री मधु राजपूत, कल्याणी साहू, लक्ष्मी साहू, शिलू साहू, डामिन वर्मा, पार्षद सिमरन ताम्रकर, प्रीति, नमिता सिन्हा और जामिन बंछोर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री मनीषा शर्मा ने किया। समापन पर प्रज्ञा निर्वाणी ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंटकर आभार व्यक्त किया।

सुआ नृत्य और फूलों से सजा झूला रहा आकर्षण

कार्यक्रम स्थल को हरियाली और ताजे फूलों से सजाया गया था। गेंदे और गुलाब के फूलों से सजा पारंपरिक झूला महिलाओं के आकर्षण का केंद्र रहा। सुआ नृत्य, छत्तीसगढ़ी लोकगीतों और खेल प्रतियोगिताओं ने कार्यक्रम में उत्साह बढ़ाया। सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता में डॉ. नेहा वर्मा तथा एकल नृत्य प्रतियोगिता में सावित्री रजक को विजेता घोषित कर अतिथियों ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में साजा विधायक ईश्वर साहू, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, प्रभारी हर्षिता पांडेय, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, लाभचंद बाफना, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, रजक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष प्रह्लाद रजक, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेंद्र साहू, प्रदेश मंत्री संध्या परगनिहा, जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू, जगन्नाथ पाणिग्रही, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमी जोशी, रायपुर संभाग संगठन प्रभारी राजेंद्र शर्मा, जिला पंचायत सदस्य अंजू बघेल, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, जनपद अध्यक्ष हेमा दिवाकर, प्रवक्ता माया बारले, हर्षवर्धन तिवारी और प्रणीश रजक सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।